प्रादेशिक समाचार

दिनांक – 15.02.2026 (सुबह – 0830 बजे)

मुख्य समाचार

1. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सड़क दुर्घटना में घायलों को अस्पताल में इलाज की गारंटी देने के लिए पीएम राहत स्कीम को दी मंजूरी, डेढ़ लाख रुपये तक का इलाज खर्च उठाएगी सरकार।
2. केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने नई दिल्ली में राष्ट्रीय सम्मेलन को किया संबोधित, कहा–महिलाओं को कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न की शिकायत दर्ज कराने का सशक्त माध्यम है–शी बॉक्स।
3. हजारीबाग की चरही घाटी में हाथियों को खदेड़ने जा रही टीम का वाहन दुर्घटनाग्रस्त, दो की मौत. आठ घायल, चतरा में तीन सड़क दुर्घटनाओं में 9 लोग हुए घायल।
4. महाशिवरात्रि को लेकर देवघर, बासुकिनाथ, रांची पहाड़ी मंदिर, आम्रेश्वर धाम समेत राज्यभर के शिवालयों में आज सुबह से जुटी है भक्तों की भीड़, कई शहरों में निकलेगी शिव बारात।
5. झारखंड के पहलवानों ने सीनियर राष्ट्रीय फेडरेशन कप कुश्ती प्रतियोगिता में जीते दो कांस्य पदक।

****

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सड़क दुर्घटना में घायलों को अस्पताल में भर्ती और उन्हें इलाज की गारंटी देने के लिए पीएम राहत स्कीम को मंजूरी दे दी है। इस स्कीम में किसी भी तरह की सडक पर दुर्घटना की स्थिति में सात दिन तक के इलाज के लिए डेढ लाख रुपये तक के नकदी रहित इलाज का खर्च सरकार उठायेगी। सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय के अनुसार इस स्कीम से यह सुनिश्चित होगा कि सड़क दुर्घटना के बाद तुरंत इलाज न मिलने के कारण किसी की जान न जाये। मंत्रालय के अनुसार, सरकार अस्पतालों को मोटर वाहन दुर्घटना कोष से भुगतान करेगी। देश में प्रतिवर्ष सड़क दुर्घटनाओं में काफी संख्या में लोगों की मौत तत्काल इलाज नहीं मिल पाने के कारण हो जाती है।

****

कार्यस्थल पर महिलाओं की सुरक्षा – शी बॉक्स को लेकर नई दिल्ली के विज्ञान भवन में राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस मौके पर केंद्रीय मंत्री और कोडरमा सांसद अन्नपूर्णा देवी ने कहा कि शी बॉक्स महिलाओं को कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न की शिकायत, सुरक्षित और गोपनीय रूप से दर्ज करने का सशक्त माध्यम है। यह पहल महिलाओं की गरिमा, सुरक्षा और न्याय सुनिश्चित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

****

पूर्वी सिंहभूम में निकाय चुनाव की तैयारियां जोरों पर हैं। जिले में तीन निकाय–मानगो नगर निगम, जुगसलाई नगर परिषद और चाकुलिया नगर पंचायत में चुनाव होने जा रहे हैं।

****

उपराजधानी दुमका के व्यवहार न्यायालय परिसर में एक टाइपिस्ट और उनके पुत्र पर चाकू और कैंची से हमला कर दिया गया। इस घटना में दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। पुलिस के मुताबिक, कोर्ट परिसर में ही जेरोक्स की दुकान चलाने वाले एक व्यक्ति ने किसी बात को लेकर बहस के दौरान हमला कर दिया। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

****

हजारीबाग जिले की चरही घाटी में हाथियों को खदेड़ने जा रही टीम की गाड़ी और कंटेनर के बीच टक्कर में क्यूआरटी के दो सदस्यों की मौत हो गई, जबकि आठ लोग घायल हो गए। डीएफओ विकास कुमार उज्ज्वल ने बताया कि घायलों का इलाज कराया जा रहा है।

इधर चतरा जिले के हंटरगंज थाना क्षेत्र में तीन अलग अलग हादसों में नौ लोग घायल हो गए, जिनमें से चार की हालत गंभीर है।

****

महाशिवरात्रि को लेकर देवघर स्थित बाबा मंदिर, बासुकिनाथ, रांची पहाड़ी मंदिर, खूंटी के आम्रेश्वर धाम समेत राज्यभर के शिवालयों में आज सुबह से भक्तों की भीड़ जुटी है। वहीं दूसरी ओर कई शहरों में आज शिव बारात निकालने की तैयारी है। इसे लेकर प्रशासनिक तैयारियां पूरी कर ली गई है।

इधर, देवघर में पूरे शहर और शिव बारात मार्ग पर निगरानी के लिए ड्रोन कैमरों का इस्तेमाल किया जा रहा है।

उधर दुमका के बाबा बासुकिनाथ धाम में श्रद्धालुओं की भीड़ जुटी है। शिव–गौरी विवाह के बाद आज दोनों मंदिरों के शीर्ष के बीच नया गठबंधन किया जायेगा। मंदिर के पुरोहित संजय झा ने बताया कि आज शिव–पार्वती विवाह में भक्तों की भारी भीड़ जुटेगी।

<u>*****************</u>

राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री अर्जुन मुंडा खूंटी के कुंजला आम बगीचा में 54 मौजा के मुंडा पड़हा जतरा में शामिल हुए। इस मौके पर श्रीमुंडा ने कहा कि मुंडा पड़हा में आदिवासी समाज के लोग प्रकृति और परंपरा के साथ खुशहाली को बरकरार रखते हुए उत्सव मनाते हैं।

<u>*****************</u>

राज्यभर में पछुआ हवाओं के प्रभाव से तापमान में उतार–चढ़ाव का दौर जारी है। मौसम विभाग के अनुसार राजधानी रांची सहित कई जिलों के अधिकतम तापमान में एक से दो डिग्री सेल्सियस की गिरावट दर्ज की गई है। कल से तापमान में बढोत्तरी की संभावना है।

<u>*****************</u>

झारखंड के पहलवानों ने उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद में आयोजित सीनियर राष्ट्रीय फेडरेशन कप कुश्ती प्रतियोगिता में दो कांस्य पदक जीता है। झारखंड की रिया कुमारी ने 53 किलो भार वर्ग और अभिषेक कुमार ने 60 किलो भार वर्ग में कांस्य पदक अपने नाम किया। झारखंड राज्य कुश्ती संघ के अध्यक्ष जीशान कमर समेत अन्य पदाधिकारियों ने खिलाड़ियों को बधाई दी है।

<u>*****************</u>

<u>और अब अखबारों की सुर्खियां</u>

रांची से प्रकाशित सभी प्रमुख अखबारों ने महाशिवरात्रि और टी–20 विश्व कप की खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

दैनिक भास्कर लिखता है–देवघर में आज निकलेगी शिवबारात, दिखेंगे बारह ज्योर्तिलिंग के प्रारूप।

हिन्दुस्तान और दैनिक जागरण ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के हवाले से लिखा है–हाथियों के हमले से न हो किसी की मौत।

प्रभात खबर ने टी–20 विश्व कप क्रिकेट में आज भारत और पाकिस्तान के बीच खेले जाने वाले मैच की खबर को पहले पन्ने पर प्रकाशित किया है।

<u>*****************</u>